आर्थिक समीक्षा

सत्यमेव जयते
Government of India

2023-24

आर्थिक समीक्षा

2023-24

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
आर्थिक प्रभाग
नॉर्थ ब्लॉक
नई दिल्ली–110001
जुलाई, 2024

विषय सूची

	vii	*प्रस्तावना*
	xiii	*आभारोक्ति*
	xv	*संकेताक्षर*
	xxxiii	*तालिकाओं की सूची*
	xxxv	*चार्टों की सूची*
	xliii	*बॉक्स की सूची*
अध्याय सं.	**पृष्ठ सं.**	**अध्याय का नाम**
1		**अर्थव्यवस्था की स्थिति: निरंतर आगे बढ़ते हुए**
	1	वैश्विक आर्थिक परिदृश्य
	8	एक लचीली घरेलू अर्थव्यवस्था
	15	वृहद आर्थिक स्थिरता विकास सुरक्षा
	29	समावेशी विकास
	31	परिप्रेक्ष्य
2		**मौद्रिक प्रबंधन और वित्तीय मध्यस्थता: स्थिरता ही मूलमंत्र**
	33	परिचय
	34	मौद्रिक विकास
	38	वित्तीय मध्यस्थता
	38	बैंकिंग क्षेत्र का प्रदर्शन और ऋण उपलब्धता
	56	भारतीय पूंजी बाजार में रुझान
	66	बीमा क्षेत्र में विकास
	69	पेंशन क्षेत्र में विकास
	74	मूल्यांकन और दृष्टिकोण
3		**कीमतें और मुद्रास्फीति - नियंत्रण में**
	75	परिचय
	77	घरेलू खुदरा मुद्रास्फीति
	79	महामारी के बाद की दुनिया में कोर मुद्रास्फीति में उतार-चढ़ाव
	83	खाद्य मुद्रास्फीति
	87	खुदरा मुद्रास्फीति में अंतरराज्यीय अंतर
	88	दृष्टिकोण और समाधान
	91	अनुलग्नक 1
4		**बाह्य क्षेत्र: समृद्धि के बीच स्थिरता**
	93	प्रस्तावना
	94	वैश्विक व्यापार की गतिशीलता में बदलाव
	96	भारत का व्यापार: वैश्विक उथल-पुथल के बीच लचीलापन
	120	अनुकूल चालू खाता शेष
	125	पूंजीगत खाता शेष
	136	अंतर्राष्ट्रीय निवेश की स्थिति

137 स्थिर विदेशी ऋण की स्थिति
138 संभावनाएं और चुनौतियां

5 **मध्यम अवधि परिदृश्य : नए भारत के लिए विकास दृष्टि**
141 सन्दर्भ निर्धारित करना
144 अल्प से मध्यम अवधि में नीतिगत फोकस के प्रमुख क्षेत्र
151 अमृत काल के लिए विकास रणनीति
162 मध्यम अवधि में संभावना

6 **जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संक्रमण: समझौताकारी सामंजस्य**
165 परिचय
169 भारत की जलवायु कार्रवाई की वर्तमान स्थिति
170 भारत के लिए अनुकूलन महत्वपूर्ण है
173 निम्न कार्बन विकास और ऊर्जा संरचना
186 कार्बन की कीमत तय करने के लिए बाजार : भारतीय कार्बन बाजार
189 जलवायु वित्त पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताएँ : घटनाक्रम
191 जलवायु परिवर्तन के मुद्दों के समाधान के लिए भारत की अंतरराष्ट्रीय पहल
193 निष्कर्ष

7 **सामाजिक क्षेत्र: कल्याण जो सशक्त करे**
195 परिचय
197 विकास को सशक्त कल्याण के साथ जोड़ना
232 महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण
239 ग्रामीण अर्थव्यवस्था: विकास इंजन को गति देना
249 ग्रामीण शासन: जमीनी स्तर पर डिजिटल परिवर्तन की कहानी
253 निष्कर्ष और आगे का मार्ग

8 **रोजगार और कौशल विकास: गुणवत्ता की ओर**
255 परिचय
256 वर्तमान रोजगार परिदृश्य
259 युवा और महिला रोजगार
272 भारत में नौकरियों का विकसित परिदृश्य
279 2036 तक रोजगार सृजन की आवश्यकता
290 कौशल निर्माण में विकास और प्रगति
297 निष्कर्ष और आगे की राह

9 **कृषि और खाद्य प्रबंधन : यदि हम सही कर लें तो कृषि में बढ़ोत्तरी अवश्य है**
299 परिचय
301 कृषि उत्पादन: प्रदर्शन और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना
315 संबद्ध क्षेत्र: पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन महत्वपूर्ण विकास उत्प्रेरक हैं
318 खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र (एफपीआई): प्रसंस्करण क्षमता
320 खाद्य प्रबंधन: खाद्य सुरक्षा के लिए सामाजिक जाल
321 निष्कर्ष

10 **उद्योग: मध्यम एवं लघु दोनों अपरिहार्य**

323 परिचय

326 प्रमुख क्षेत्रों का प्रदर्शन और संबंधित मुद्दे

338 क्रॉस-कटिंग थीम

347 निष्कर्ष एवं दृष्टिकोण

11 **सेवाएँ: विकास के अवसरों को बढ़ावा देना**

349 परिचय

350 सेवा क्षेत्र के निष्पादन का अवलोकन

355 सेवा क्षेत्र की गतिविधियों के लिए वित्तपोषण स्रोत

356 प्रमुख सेवाएँ: क्षेत्रवार निष्पादन

375 चुनौतियाँ और अवसर

376 निष्कर्ष और भावी परिदृश्य

12 **अवसंरचना: संभावित विकास को प्रोत्साहन**

379 परिचय

380 अवसंरचना वित्तपोषण: सार्वजनिक व्यय को बढ़ावा देना

384 अवसंरचना क्षेत्रों में विकास

414 चुनौतियाँ और अवसर

416 सुविधा प्रदान करना और बाधाओं को दूर करना

419 निष्कर्ष और दृष्टिकोण

13 **जलवायु परिवर्तन और भारत: हमें इस समस्या को अपने नजरिए से क्यों देखना चाहिए**

421 परिचय

423 वर्तमान दृष्टिकोण दोषपूर्ण क्यों है?

433 पश्चिमी पद्धतियों को अपनाने से विकासशील दुनिया पर नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव पड़ेगा

439 भारतीय पद्धति: एक संधारणीय जीवनशैली

445 निष्कर्ष

प्रस्तावना: समझौतों और आम सहमति के माध्यम से देश का संचालन

अर्थव्यवस्था का विस्तार जारी है

अप्रैल में हमने नया वित्त वर्ष शुरू किया। मई में हमें पता चला कि वित्त वर्ष 24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि दर 8.2% रहने का अनुमान है। जून में नई सरकार ने कार्यभार संभाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार तीसरे कार्यकाल के लिए ऐतिहासिक जनादेश के साथ सत्ता में लौटी है। उनका अभूतपूर्व तीसरा लोकप्रिय जनादेश राजनीतिक और नीतिगत निरंतरता का संकेत देता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत और स्थिर स्थिति में है, जो भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने में लचीलापन प्रदर्शित करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने नीति निर्माताओं - राजकोषीय और मौद्रिक - दोनों के साथ आर्थिक और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ कोविड के बाद की रिकवरी को मजबूत किया है। फिर भी, उच्च विकास आकांक्षाओं वाले देश के लिए परिवर्तन ही एकमात्र स्थिरता है। सुधार को कायम रखने के लिए घरेलू मोर्चे पर कड़ी मेहनत करनी होगी, क्योंकि व्यापार, निवेश और जलवायु जैसे प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर सहमति बनाना असाधारण रूप से कठिन हो गया है।

वित्त वर्ष 24 में उच्च आर्थिक वृद्धि पिछले दो वित्तीय वर्षों में क्रमश: 9.7% और 7.0% की वृद्धि दर के बाद आई है। मुख्य मुद्रास्फीति दर काफी हद तक नियंत्रण में है, हालांकि कुछ विशिष्ट खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दर बढ़ी हुई है। वित्त वर्ष 24 में व्यापार घाटा वित्त वर्ष 23 की तुलना में कम था, तथा वर्ष के लिए चालू खाता घाटा सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.7% है। वस्तुत:, चालू खाते में वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में अधिशेष दर्ज किया गया। विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त है। सार्वजनिक निवेश ने पिछले कई वर्षों में पूंजी निर्माण को बनाए रखा है, जबकि निजी क्षेत्र ने अपनी बैलेंस शीट की गिरावट को दूर किया है और वित्त वर्ष 22 में निवेश करना शुरू कर दिया है। अब, इसे सार्वजनिक क्षेत्र से कमान लेनी होगी और अर्थव्यवस्था में निवेश की गति को बनाए रखना होगा। संकेत उत्साहवर्धक हैं।

राष्ट्रीय आय के आंकड़ों से पता चलता है कि गैर-वित्तीय निजी क्षेत्र के पूंजी निर्माण, जिसे वर्तमान मूल्यों में मापा जाता है, में वित्त वर्ष 21 में गिरावट के बाद वित्त वर्ष 22 और वित्त वर्ष 23 में जोरदार वृद्धि हुई। तथापि, विशेष रूप से, मशीनरी और उपकरणों में निवेश में लगातार दो वर्षों, वित्त वर्ष 20 और वित्त वर्ष 21 में गिरावट आई, तथा उसके बाद इसमें जोरदार उछाल आया। वित्त वर्ष 24 के लिए कॉर्पोरेट क्षेत्र के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि निजी क्षेत्र में पूंजी निर्माण का विस्तार जारी रहा, लेकिन धीमी दर से।

विदेशी निवेशकों की रुचि बनाए रखने के लिए प्रयास की आवश्यकता होगी

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश विश्लेषण का बड़ा विषय है, किंतु रुका हुआ है। भारत के भुगतान संतुलन पर भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि नई पूंजी के डॉलर अंतर्वाह के संदर्भ में मापी गई बाहरी निवेशकों की निवेश रुचि वित्त वर्ष 2024 में 45.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जबकि वित्त वर्ष 23 में यह 47.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी। यह मामूली गिरावट वैश्विक रुझान के अनुरूप है। आय का पुनर्निवेश वही रहा है । वित्त वर्ष 23 में विदेशी निवेश का प्रत्यावर्तन 29.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर और वित्त वर्ष 24 में 44ण्5 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। कई निजी इक्विटी निवेशकों ने भारत में तेजी से बढ़ते इक्विटी बाजारों का लाभ उठाया और लाभ कमाते हुए बाहर निकल गए। यह एक स्वस्थ बाजार परिवेश का संकेत है जो निवेशकों को लाभदायक निकास प्रदान करता है, जिससे आने वाले वर्षों में नए निवेश आएंगे। जैसा कि कहा गया है, आने वाले वर्षों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए माहौल कई कारणों से बहुत अनुकूल नहीं है।

विकसित देशों में ब्याज दरें कोविड के वर्षों के दौरान और उससे पहले की तुलना में बहुत अधिक हैं। इसका अर्थ न केवल वित्तपोषण की उच्च लागत है, बल्कि विदेश में निवेश करने के अवसर की लागत भी अधिक होती है। दूसरा, उभरती अर्थव्यवस्थाओं को विकसित अर्थव्यवस्थाओं की सक्रिय औद्योगिक नीतियों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होगी, जिसमें घरेलू निवेश को प्रोत्साहित करने वाली पर्याप्त सब्सिडी शामिल होगी। तीसरा, पिछले दशक में की गई प्रभावशाली प्रगति के होने के बावजूद, अंतरण मूल्य निर्धारण, करों, आयात शुल्कों और गैर-कर नीतियों से संबंधित अनिश्चितताओं और व्याख्याओं का समाधान किया जाना अभी भी बाकी है। अंत में, भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं, जो बढ़ रही हैं, भारत में निवेश को प्राथमिकता देने के अन्य कारणों के बावजूद, पूंजी प्रवाह पर अधिक प्रभाव डालेंगी।

रोजगार पर संरचनात्मक ताकतों का नहीं बल्कि झटकों का असर पड़ा है

रोजगार सृजन के संबंध में, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण शहरी रोजगार संकेतकों पर त्रैमासिक और ग्रामीण भारत सहित पूरे देश के लिए वार्षिक आंकड़े उपलब्ध कराता है। कृषि रोजगार में वृद्धि ग्रामीण भारत में रिवर्स माइग्रेशन (महानगरों और शहरों से गाँव एवं कस्बों की ओर होने वाले पलायन से है) और श्रम बल में महिलाओं के प्रवेश द्वारा आंशिक रूप से समझाई गई है। वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण में लगभग 2ण्0 लाख भारतीय कारखानों में कार्यरत श्रमिकों के आंकड़े उपलब्ध हैं। 2013-14 और 2021-22 के बीच फैक्ट्री

नौकरियों की कुल संख्या में सालाना 3.6% की वृद्धि हुई। कुछ अधिक संतोषजनक बात यह रही कि छोटी फैक्टरियों (सौ से कम श्रमिकों को रोजगार देने वाली फैक्टरी) की तुलना में बड़ी फैक्टरियों (सौ से अधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाली फैक्टरी) में रोजगार में 4.0% की तेजी से वृद्धि हुई। छोटे कारखानों में वार्षिक वृद्धि दर 1.2% थी। इस अवधि में भारतीय कारखानों में रोजगार की कुल संख्या 1.04 करोड़ से बढ़कर 1.36 करोड़ हो गई है। भारत में अभी तक सेवाओं से संबंधित कोई वार्षिक सर्वेक्षण नहीं किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों - कृषि, विनिर्माण और सेवाओं सहित उद्योग - में वार्षिक अंतराल पर भी सृजित (औपचारिक और अनौपचारिक) नौकरियों की पूर्ण संख्या पर समय पर आंकड़ों की उपलब्धता का अभाव, उच्च आवृत्तियों की तो बात ही छोड़िए, देश में श्रम बाजार की स्थिति के वस्तुनिष्ठ विश्लेषण को रोकता है।

2022-23 के लिए असमाविष्ट उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण की तुलना जब 'भारत में असमाविष्ट गैर-कृषि उद्यमों (सन्निर्माण को छोड़कर) के प्रमुख संकेतकों' के एनएसएस 73वें दौर के परिणामों से की जाती है, तो पता चलता है कि इन उद्यमों में कुल रोजगार 2015-16 में 11ण्1 करोड़ से घटकर 10.96 करोड़ हो गया। विनिर्माण क्षेत्र में 54 लाख श्रमिकों की कमी आई, लेकिन व्यापार और सेवाओं में कार्यबल के विस्तार से नौकरियों में वृद्धि हुई, जिससे इन दो अवधियों के बीच असमाविष्ट उद्यमों में श्रमिकों की संख्या में कुल कमी लगभग 16.45 लाख तक सीमित हो गई। यह तुलना विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियों में आये बड़े उछाल को छुपाती है जो 2021-22(अप्रैल 2021- मार्च 2022) और 2022-23 (अक्तूबर 2022-सितम्बर 2023) के बीच हुई प्रतीत होती है।

भारत को शीघ्रता से दो बड़े आर्थिक झटके लगे हैं। बैंकिंग प्रणाली में अशोध्य ऋण और उच्च कॉर्पोरेट ऋणग्रस्तता इनमें से एक थे। इसे नियंत्रण में लाने में वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल से अधिक का समय लग गया। कोविड महामारी दूसरा झटका था और पहले झटके के तुरंत बाद ऐसा घटित हुआ। इसलिए, यह निष्कर्ष निकालना मुश्किल है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रोजगार सृजन की क्षमता संरचनात्मक रूप से कमजोर है। फिर भी, आगे बढ़ते हुए, यह कार्य कठिन है।

जनवरी 2023 में प्रकाशित पिछले आर्थिक सर्वेक्षण और इस सर्वेक्षण के बीच भू-राजनीतिक परिवेश में बड़े बदलाव हो रहे हैं। 2047 में विकसित भारत की ओर भारत के कदम बढ़ाने की वैश्विक पृष्ठभूमि, 1980 से 2015 के बीच चीन के उदय के दौरान की पृष्ठभूमि से अधिक भिन्न नहीं हो सकती। तब, वैश्वीकरण अपने लम्बे विस्तार के शिखर पर था। शीत युद्ध की समाप्ति के बाद भू-राजनीति काफी हद तक शांत हो गई थी, तथा पश्चिमी शक्तियों ने चीन के उदय और विश्व अर्थव्यवस्था में उसके एकीकरण का स्वागत किया तथा उसे प्रोत्साहित भी किया। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को लेकर चिंताएं तब इतनी व्यापक या गंभीर नहीं थीं जितनी कि अब हैं। चौथा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आगमन से सभी कौशल स्तरों - निम्न, अर्ध और उच्च - के श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में अनिश्चितता की एक बड़ी छाया उत्पन्न हो गई है। ये आने वाले वर्षों और दशकों में भारत के लिए सतत उच्च विकास दर के मार्ग में बाधाएं और रुकावटें पैदा करेंगे। इन पर काबू पाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों तथा निजी क्षेत्र के बीच एक महागठबंधन की आवश्यकता है।

रोजगार सृजन निजी क्षेत्र के लिए वास्तविक लक्ष्य है

यह बात दोहराना उचित होगा कि रोजगार सृजन मुख्यत: निजी क्षेत्र में होता है। दूसरा, आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और उत्पादकता को प्रभावित करने वाले कई (सभी नहीं) मुद्दे तथा उनमें की जाने वाली कार्रवाई राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो, भारतीयों की बढ़ती आकांक्षाओं को पूरा करने तथा 2047 तक विकसित भारत की यात्रा पूरी करने के लिए भारत को त्रिपक्षीय समझौते की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है।

एक से अधिक मामलों में, कार्रवाई निजी क्षेत्र के हाथ में है। वित्तीय कार्य-निष्पादन के संदर्भ में कॉर्पोरेट क्षेत्र का प्रदर्शन इतना अच्छा कभी नहीं रहा। 33,000 से अधिक कंपनियों के नमूने के परिणाम बताते हैं कि वित्त वर्ष 20 और वित्त वर्ष 23 के बीच के तीन वर्षों में भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र का कर-पूर्व लाभ लगभग चार गुना हो गया। इसके अलावा, अखबारों की सुर्खियों ने हमें बताया कि कॉर्पोरेट मुनाफे और सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात वित्त वर्ष 24 में 15 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया। बिजनेसलाइन ने बताया, "निफ्टी-500 यूनिवर्स के लिए कॉर्पोरेट लाभ पिछले वित्त वर्ष में 30 प्रतिशत बढ़कर ₹14.11 लाख करोड़ हो गया, जो वित्त वर्ष 23 में ₹10.88 लाख करोड़ था। नोमिनल जीडीपी साल-दर-साल 9ण्6 प्रतिशत बढ़कर ₹295 लाख करोड़ (₹269 लाख करोड़ से)[1]'' हो गई। नियुक्ति और मुआवजे में वृद्धि शायद ही इसके साथ हो। लेकिन, काम पर रखना और श्रमिक मुआवजे में वृद्धि करना कंपनियों के हित में है।

केंद्र सरकार ने पूंजी निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए सितंबर 2019 में करों में कटौती की। क्या कॉर्पोरेट क्षेत्र ने इस पर प्रतिक्रिया दी है? वित्त वर्ष 19 और वित्त वर्ष 23 के बीच, निजी क्षेत्र के गैर-वित्तीय सकल स्थिर पूंजी निर्माण (**GFCF**) में संचयी वृद्धि मौजूदा कीमतों में 52% है। इसी अवधि के दौरान, सामान्य सरकार (जिसमें राज्य भी शामिल हैं) में संचयी वृद्धि 64% है। यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं लगता।

1. 'निवेश लागत में कमी के कारण कॉर्पोरेट लाभ जीडीपी के मुकाबले 15 साल के उच्चतम स्तर पर', बिजनेसलाइन, 11 जून 2024 (https://www.thehindubusinessline.com/economy/corporate.profit.to.gdp.hits.15.year.high.as.input.cost.moderates/article68277319.ece)

हालाँकि, जब हम इसका विश्लेषण करते हैं तो एक अलग तस्वीर सामने आती है। मशीनरी एवं उपकरण तथा बौद्धिक संपदा उत्पादों में निजी क्षेत्र के जीएफसीएफ में वित्त वर्ष 23 तक के चार वर्षों में संचयी रूप से केवल 35% की वृद्धि हुई है। इस बीच, 'आवास, अन्य भवन और संरचनाओं' में इसके जीएफसीएफ में 105% की वृद्धि हुई है। यह कोई अच्छा मिश्रण नहीं है। दूसरा, मीडिया एवं मनोरंजन तथा बौद्धिक संपदा उत्पादों में निवेश की धीमी गति से सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ाने के भारत के प्रयास में देरी होगी, भारत की विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार में देरी होगी, तथा उच्च गुणवत्ता वाली औपचारिक नौकरियों की संख्या में कमी आएगी।

फिर भी, आंकड़ों में एक सकारात्मक बात भी है। वित्त वर्ष 21 के बाद से दो वर्षों में निजी क्षेत्र द्वारा जीएफसीएफ में तेजी से वृद्धि हुई है। सामान्य सरकार जीएफसीएफ में वित्त वर्ष 21 और वित्त वर्ष 23 के बीच संचयी रूप से 42% की वृद्धि हुई। गैर-वित्तीय निजी क्षेत्र के समग्र जीएफसीएफ में 51% की वृद्धि हुई; मशीनरी एवं उपकरण तथा बौद्धिक संपदा उत्पादों में निवेश में 38% की वृद्धि हुई। इसलिए, निजी क्षेत्र के जीएफसीएफ के इन दो महत्वपूर्ण उप-घटकों में वृद्धि सामान्य सरकार के समग्र जीएफसीएफ के समान है। यह एक ऐसा आंकड़ा है जिस पर गौर करना जरूरी है। उन्हें निवेश जारी रखना चाहिए। ऐसा करने के लिए उन्हें मांग की स्पष्टता की आवश्यकता है। यह रोजगार और आय वृद्धि से आता है।

हाल ही में प्रकाशित एक लेख[2] में, द इकोनोमिस्ट में स्वतंत्र शोध का हवाला दिया है, जिसमें अगले दशक में भारत के सेवा निर्यात में धीमी गिरावट की भविष्यवाणी की गई है। हालांकि दूरसंचार में तेजी और इंटरनेट के उदय ने बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन प्रौद्योगिकी विकास की अगली लहर इसमें रुकावट डाल सकती है। इस परिवेश में, कॉर्पोरेट क्षेत्र की जिम्मेदारी जितनी स्वयं के प्रति है उतनी समाज के प्रति भी है, कि वह इस बारे में अधिक गंभीरता से सोचे कि किस प्रकार 'एआई' श्रमिकों को विस्थापित करने के बजाय श्रम को बढ़ाएगा। पिछले दो वर्षों में आईटी क्षेत्र में भर्ती की गति काफी धीमी हो गई है। हमारे पास देश में नियमित आधार पर समग्र कॉर्पोरेट नियुक्ति की पूरी जानकारी नहीं होती है। किसी भी मामले में, पूंजी-प्रधान और ऊर्जा-प्रधान एआई को लागू करना संभवत: उन अंतिम मदों में से एक है, जिसकी बढ़ती हुई निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्था को आवश्यकता है।

जून 2024[3] में प्रकाशित अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक स्टाफ चर्चा नोट में कहा गया है कि जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने बड़े पैमाने पर श्रम व्यवधानों और असमानता के बारे में गहरी चिंताएं जताई हैं। आईएमएफ एसडीएन ने देशों के बीच स्वचालित सूचना विनिमय के बेहतर प्रवर्तन और पूंजीगत लाभ पर संवर्धित कराधान के माध्यम से पूंजी पर अच्छी तरह से डिजाइन किए गए अतिरिक्त कॉर्पोरेट लाभ करों और उच्च व्यक्तिगत आय करों की सिफारिश की है। हालाँकि, रोजगार का संबंध सिर्फ उससे मिलने वाली आय से नहीं है, बल्कि इसका संबंध गरिमा, आत्म-मूल्य, आत्म-सम्मान, स्वाभिमान तथा परिवार और समुदाय में प्रतिष्ठा से है। यही कारण है कि अत्यधिक लाभ कमाने में लगे भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र के लिए यह उचित है कि वह रोजगार सृजन की अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से ले। बेशक, इसके लिए सही दृष्टिकोण और कौशल वाले लोगों को ढूंढना होगा।

इसके लिए एक और त्रिपक्षीय समझौते की आवश्यकता है - सरकार, निजी क्षेत्र और शिक्षा जगत के बीच। इस समझौते का उद्देश्य भारतीयों को तकनीकी विकास के साथ तालमेल बिठाने और उससे आगे निकलने के लिए कौशल और सुसज्जित करने के मिशन को पुनर्जीवित करना है। इस मिशन में सफल होने के लिए, सरकारों को उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों को इस विशाल कार्य में अपनी-अपनी भूमिका निभाने के लिए स्वतंत्र करना होगा। उदाहरण के लिए, वर्षों से कई संशोधनों के बावजूद, देश में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षुता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशिक्षुता अधिनियम अभी भी प्रगति पर है। नई शिक्षा नीति 2020 भारत की उच्च शिक्षा को नियामक निगरानी से मुक्त कर बाजार निगरानी की ओर ले जाने का प्रस्ताव करती है। एक कॉर्पोरेट क्षेत्र जो पाठ्यक्रम, मूल्यांकन मानकों और संकाय के लिए उपयोगी जानकारी के साथ उच्च शिक्षा के डिजाइन को आकार देने में मदद करता है, वह उच्च गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करेगा, जो बाजार की प्रतिस्पर्धा लाएगा और नियामक निगरानी का स्थान लेगा। द इकोनॉमिस्ट के एक अन्य लेख[4] में चीन के विज्ञान के क्षेत्र में महाशक्ति बनने की सराहना की गई है, जो कि कॉर्पोरेट क्षेत्र और शिक्षा जगत के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में एकजुट होकर कार्य करने के लिए पर्याप्त प्रेरणा होनी चाहिए।

वास्तविक कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी

कॉर्पोरेट क्षेत्र की भूमिका आज से पहले कभी इतनी महत्वपूर्ण नहीं रही। कॉर्पोरेट उत्तरदायित्व के दो अन्य क्षेत्रों का यहां उल्लेख करना उचित होगा। महामारी के दौरान भारतीय खुदरा निवेशक बाजार स्थिरता के आधार के रूप में उभरे हैं। दीर्घावधि के लिए निवेश की प्रवृत्ति

2. 'क्या सेवाएँ दुनिया को समृद्ध बनाएंगी?', द इकोनॉमिस्ट, 24 जून 2024 (https://www.economist.com/finance.and.economics/2024/06/24/will.services.make.the.world.rich)

3. 'जनरेटिव एआई से लाभ का विस्तार: राजकोषीय नीतियों की भूमिका', स्टाफ चर्चा नोट, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, जून 2024 (https://tinyurl.com/39dy7dv3)

4. 'चीन एक वैज्ञानिक महाशक्ति बन गया है', द इकोनॉमिस्ट, 12 जून 2024 (https://www.economist.com/science.and.technology/2024/06/12/china.has.become.a.scientific.superpower)

को पोषित और कायम रखना होगा। विकसित देशों में वित्तीय नवाचारों के नाम पर छिपे तौर पर लीवरेज दांव से प्रेरित बाजार प्रथाओं का, कम प्रति व्यक्ति आय वाले विकासशील देश में कोई स्थान नहीं है। दूसरा, जिस प्रकार कॉर्पोरेट मुनाफा बढ़ रहा है, उसी प्रकार भारतीय बैंकों का शुद्ध ब्याज मार्जिन कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। यह अच्छी बात है। लाभ कमाने वाले बैंक ज़्यादा उधार देते हैं। अच्छे समय को बनाए रखने के लिए, पिछले वित्तीय चक्र की मंदी के सबक को न भूलना जरूरी है। बैंकिंग उद्योग को दो एनपीए चक्रों के बीच के अंतराल को बढ़ाने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसे ग्राहकों की कीमत पर अल्पकालिक लाभ कमाने के प्रलोभन का भी विरोध करना चाहिए। उत्पाद की गलत बिक्री इतनी व्यापक है कि इसे कुछ अति उत्साही विक्रय कर्मियों की गलती मानकर खारिज नहीं किया जा सकता। यही बात बीमा उद्योग के बारे में भी कही जा सकती है। बीमा दावों का शीघ्र और उचित निपटान तथा अस्वीकृति दर में कमी बीमा पैठ बढ़ाने के लिए आवश्यक है। गलत बिक्री और गलत बयानी की स्वीकृति और परिणामी नुकसान की भरपाई करना एक अच्छा व्यवसाय अभ्यास है, जो स्टॉकब्रोकिंग, फंड प्रबंधन, बैंकिंग और बीमा फर्मों के लिए अनिवार्य है।

रोजगार और आय वृद्धि से उत्पन्न उच्च मांग से कॉर्पोरेट को लाभ होता है। घरेलू बचत को निवेश उद्देश्यों के लिए उपयोग करने से वित्तीय क्षेत्र को लाभ होता है। आने वाले दशकों में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा परिवर्तन निवेश को पूरा करने के लिए इन संबंधों को और मजबूत और लंबे समय तक चलना चाहिए। अल्पकालिकता इन संबंधों को कमजोर कर सकती है।

भारत की कार्यशील आयु वर्ग की जनसंख्या को लाभकारी रोजगार प्राप्त करने के लिए कौशल और अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता है। सोशल मीडिया, स्क्रीन टाइम, बैठे रहने की आदतें और अस्वास्थ्यकर भोजन एक घातक मिश्रण है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और उत्पादकता को कमजोर कर सकता है और भारत की आर्थिक क्षमता को कम कर सकता है। आदतों के इस जहरीले मिश्रण में निजी क्षेत्र का योगदान बहुत ज़्यादा है, और यह निकट दृष्टिक है। भारतीयों की उभरती हुई खाद्य उपभोग की आदतें न केवल अस्वास्थ्यकर हैं, बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी असंतुलित हैं। भारत की पारंपरिक जीवनशैली, भोजन और व्यंजनों ने सदियों से यह दिखाया है कि प्रकृति और पर्यावरण के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए स्वस्थ तरीके से कैसे रहा जाए। भारतीय व्यवसायों के लिए इनके बारे में जानना और इन्हें अपनाना व्यावसायिक दृष्टि से उचित है, क्योंकि उनके पास एक वैश्विक बाजार है, जिसका नेतृत्व करने की आवश्यकता है, न कि इसका दोहन करने की।

सरकारें अपनी ओर सेण्ण्ण्ण

नीति निर्माताओं को – चाहे वे निर्वाचित हों या नियुक्त को भी चुनौतियों का सामना करना होगा। मंत्रालयों, राज्यों तथा संघ और राज्यों के बीच बातचीत, सहयोग, सहभागिता और समन्वय होना चाहिए। सरकार के बाहर बहुत कम लोग भारत जैसे (जनसंख्या) आकार, (भौगोलिक) विस्तार तथा सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता वाले राष्ट्र को लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर संचालित करने और बदलने की जटिलता को समझ सकते हैं। जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ और सिविल सेवा के साथ-साथ जिलों, राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों के साथ अपने संपर्क के कारण, राजनीतिक वर्ग के पास इस जटिलता को (कम से कम) आंशिक रूप से समझने का बेहतर मौका होता है। वे सहज रूप से जानते हैं कि विशिष्ट दृष्टिकोणों और द्विआधारी विकल्पों के लिए कोई स्थान नहीं है, जो कि निरर्थक चर्चाओं और वार्तालापों का मुख्य आधार हैं। उदाहरणार्थ, शहरी बनाम ग्रामीण, विकास बनाम समानता या विकास, तथा विनिर्माण बनाम सेवाएं। वे सहज रूप से जानते हैं कि भारत को विकास के लिए कई रास्ते अपनाने की जरूरत है। यह अच्छी बात है। लेकिन यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल है। ऐसा पहले कभी नहीं किया गया। इस पैमाने पर नहीं। समय-सीमा में नहीं और अशांत वैश्विक वातावरण के बीच भी नहीं। इस प्रयास में सफलता पाने के लिए सरकारों, व्यवसायों और सामाजिक क्षेत्रों के बीच आम सहमति बनाना और उसे कायम रखना आवश्यक है।

कृषि विकास का इंजन बन सकती है यदिण्ण्ण

कृषि क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, जिसके लिए इस तरह के अखिल भारतीय संवाद की आवश्यकता है। कृषि और किसान किसी भी देश के लिए महत्वपूर्ण हैं। अधिकांश देश समझते हैं कि भारत भी इसका अपवाद नहीं है। भारत उन्हें पानी, बिजली और उर्वरक पर सब्सिडी देता है। पहले दो चीजें लगभग मुफ्त दी जाती हैं। उनकी आय पर कर नहीं लगता। सरकार 23 चुनिंदा वस्तुओं के लिए उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (**MSP**) प्रदान करती है। पीएम-किसान योजना के माध्यम से किसानों को मासिक नकद सहायता प्रदान की जाती है। भारतीय सरकारें – राष्ट्रीय और उप-राष्ट्रीय – किसानों के ऋण माफ कर देती है। इसलिए, भारत में सरकार किसानों की अच्छी तरह से देखभाल करने के लिए पर्याप्त संसाधन खर्च करती है। फिर भी, यह तर्क दिया जा सकता है कि मौजूदा और नई नीतियों में कुछ बदलाव करके उन्हें बेहतर सेवा दी जा सकती है।

राष्ट्रीय और उप-राष्ट्रीय सरकारों द्वारा एक-दूसरे के विपरीत उद्देश्यों के लिए काम करने वाली नीतियों के कारण किसानों के हितों को नुकसान पहुंच रहा है, मिट्टी की उर्वरता नष्ट हो रही है, भूजल स्तर घट रहा है, नाइट्रस ऑक्साइड उत्सर्जन से नदियां और पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, फसलों को पोषक तत्वों से वंचित किया जा रहा है और फाइबर और प्रोटीन के बजाय चीनी और कार्बोहाइड्रेट से भरपूर आहार

के कारण लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है। यदि हम कृषि क्षेत्र की नीतियों में व्याप्त गांठों को खोल दें तो इसका लाभ बहुत अधिक होगा। किसी भी अन्य बात से अधिक, इससे सामाजिक-आर्थिक लाभ के अलावा, राष्ट्र को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने में राज्य के आत्मविश्वास और क्षमता में विश्वास बहाल होगा।

पहले के विकास मॉडलों में अर्थव्यवस्थाओं को कृषि से शुरू होकर औद्योगिकीकरण और फिर मूल्य-संवर्धित सेवाओं की ओर विकास यात्रा में आगे बढ़ते हुए दिखाया गया था। तकनीकी प्रगति और भूराजनीति इस पारंपरिक ज्ञान को चुनौती दे रही है। व्यापार संरक्षणवाद, संसाधन-जमाखोरी, अतिरिक्त क्षमता और डंपिंग, उत्पादन को स्थानीय स्तर पर ले जाना तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का आगमन, देशों के लिए विनिर्माण और सेवाओं से विकास को बाहर निकालने की गुंजाइश को कम कर रहा है। यह हमें पारंपरिक ज्ञान को उलटने के लिए मजबूर कर रहा है। क्या कृषि क्षेत्र उद्धारक हो सकता है? खेती के तौर-तरीकों और नीति निर्माण के मामले में जड़ों की ओर लौटना, कृषि से उच्च मूल्य संवर्धन उत्पन्न कर सकता है, किसानों की आय बढ़ा सकता है, खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात के अवसर पैदा कर सकता है और कृषि क्षेत्र को भारत के शहरी युवाओं के लिए फैशनेबल और उत्पादक बना सकता है। वर्तमान नीति विन्यास के कारण पिछले कुछ वर्षों में उत्पन्न उपरोक्त समस्या क्षेत्रों का समाधान हो जाने पर वे भारत की शक्ति के स्रोत बन सकते हैं तथा शेष विश्व -विकासशील एवं विकसित दोनों के लिए एक आदर्श बन सकते हैं ।

छोटे उद्यमों को उन्मुक्त करना

एक अन्य क्षेत्र जहां नीतिगत इरादे अभी तक वांछित परिणामों में प्रकट नहीं हुए हैं, वह है लघु, मध्यम और बड़े उद्यम। पहले कई उत्पाद लघु उद्योगों के लिए आरक्षित थे। लेकिन बाद में इसे समाप्त कर दिया गया क्योंकि इससे न तो लघु उद्योगों को लाभ हो रहा था और न ही समग्र अर्थव्यवस्था को। हाल ही में उन्हें औपचारिक बनाने के लिए किए गए ठोस प्रयासों से प्रगति हो रही है। वित्त तक पहुंच के मामले में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। क्रेता और ऋणदाता पुरानी मानसिकता और प्रथाओं को इतनी धीमी गति से त्याग रहे हैं कि इन उद्यमों को इसका प्रभाव महसूस नहीं हो पा रहा है। हालांकि, इन उद्यमों को कानून अनुपालन के बोझ से अधिकतम राहत की आवश्यकता है जिसका वे सामना करते हैं। कानून, नियम और विनियमन उनके वित्त, क्षमताओं और सीमा को बढ़ाते हैं, या शायद उन्हें बढ़ने की इच्छा से वंचित करते हैं।

सफल ऊर्जा संक्रमण एक ऑर्केस्ट्रा है

ऊर्जा परिवर्तन और गतिशीलता जैसी अन्य प्राथमिकताएं, कृषि क्षेत्र की नीतियों को सही ढंग से लागू करने की जटिलता की तुलना में फीकी पड़ सकती हैं। फिर भी, उनमें एक बात समान है। उन्हें कई मंत्रालयों और राज्यों में कई कामों को संरेखित करने की आवश्यकता होती है । यह सूची बहुत लंबी है।

ऊर्जा संक्रमण और गतिशीलता के मुद्दों पर निम्नलिखित क्षेत्रों में ध्यान देने की आवश्यकता है:

(क) शत्रुतापूर्ण राष्ट्रों पर संसाधन निर्भरता;

(ख) तकनीकी चुनौतियाँ जैसे विद्युत उत्पादन में रुकावट, अक्षय ऊर्जा स्रोतों और बैटरी भंडारण से उत्पादन में उतार-चढ़ाव के बीच ग्रिड स्थिरता सुनिश्चित करना।

(ग) भूमि की कमी वाले देश में भूमि प्रबंधन के अवसर लागत की पहचान;

(घ) राजकोषीय निहितार्थ जिसमें अक्षय ऊर्जा उत्पादन और ई-मोबिलिटी समाधानों के लिए सब्सिडी के लिए अतिरिक्त व्यय, जीवाश्म ईंधन की बिक्री और परिवहन से वर्तमान में प्राप्त कर और माल ढुलाई राजस्व की हानि शामिल है;

(ङ) तथाकथित 'संकटग्रस्त परिसंपत्तियों' से बैंक बैलेंस शीट को होने वाली हानि और

(च) वैकल्पिक गतिशीलता समाधानों जैसे सार्वजनिक परिवहन मॉडल आदि के गुणों की जांच।

अन्य देशों की नीति प्रथाओं का अनुकरण करना न तो व्यवहार्य है और न ही वांछनीय, क्योंकि उन तरीकों और स्थानों से समाधान नहीं निकल सकता, जिन्होंने पहली बार समस्याएं पैदा की थीं।

जाने देना अच्छे शासन का हिस्सा है

आगे आने वाली चुनौतियों पर विचार करते समय किसी को भी घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि लोकतांत्रिक भारत का सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन एक उल्लेखनीय सफलता की कहानी है। हमने एक लंबा सफर तय किया है। अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 93 में लगभग 288 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 23 में 3ण्6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है। भारत ने प्रति डॉलर ऋण पर अन्य तुलनीय देशों के संबंध में अधिक वृद्धि की है। घोर गरीबी लगभग समाप्त हो गई है। मानव विकास सूचकांक में सुधार हुआ है और

अधिक भारतीय, विशेषकर महिलाएँ शिक्षित हो रही हैं। अपनी सभी खामियों और कमियों के बावजूद, इस प्रणाली ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया और सार्वजनिक संवाद के माध्यम से जवाबदेही सुनिश्चित की है, जहाँ कभी-कभार परिपक्व टिप्पणियाँ कारगर साबित होती हैं। हमें इस बात को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

हालांकि, देश को चलाने के लिए एक प्रणाली को मजबूत न करना एक खोया हुआ अवसर होगा, जैसा कि अतीत में कई बार हुआ है, क्योंकि हमारा भविष्य अत्यधिक अनिश्चित हो गया है। वैश्विक स्तर पर लगभग आठ दशकों की सापेक्षिक शांति के बाद, विश्व दीर्घकालिक प्रभाव वाले एक बड़े एवं व्यापक संघर्ष की ओर बढ़ रहा है। भारतीय राष्ट्र अपनी क्षमता को उन्मुक्त कर सकता है तथा अपनी क्षमता को बढ़ा सकता है, ताकि वह उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सके, जहां उसे ऐसा करना आवश्यक है, तथा इसके लिए उसे उन क्षेत्रों पर अपनी पकड़ ढीली नहीं करनी होगी, जहां उसे ऐसा करना आवश्यक नहीं है। लाइसेंसिंग, निरीक्षण और अनुपालन संबंधी आवश्यकताएं, जो सरकार के सभी स्तरों द्वारा व्यवसायों पर लागू की जाती हैं, एक भारी बोझ है। इतिहास के सापेक्ष, बोझ हल्का हो गया है। लेकिन जहां होना चाहिए था, उसके सापेक्ष, यह अभी भी बहुत भारी है। इसका बोझ उन लोगों पर सबसे ज्यादा पड़ता है जो इसे उठाने में सबसे कम सक्षम हैं - छोटे और मध्यम उद्यम। यह उन्हें पीछे धकेलता है, उनकी आकांक्षाओं को बाधित करता है और इस प्रक्रिया में देश को भी पीछे धकेलता है। पहली नजर में, ऐसा लगता है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि आर्थिक विकास दर अच्छी है और प्रगति के स्पष्ट संकेत भी हैं। लेकिन, हम कभी भी इसके विपरीत नहीं जान पाएंगे: "यह क्या हो सकता था"।

ईशोपनिषद हम सभी को अपनी संपत्ति छोड़ देने (त्यागने), स्वतंत्र होने और उस स्वतंत्रता का आनंद लेने का आदेश देता है:

ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्।

तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद्धनम्।।

सत्ता सरकारों की एक बेशकीमती संपत्ति है। वे कम से कम कुछ हद तक इसे छोड़ सकते हैं और शासक और शासित दोनों में इसके द्वारा पैदा होने वाले हल्केपन का आनंद ले सकते हैं।

अंत में,ण्ण्ण

उभरती हुई अभूतपूर्व वैश्विक चुनौतियों के बीच इस देश को विकसित राष्ट्र बनने के लिए जिस त्रिपक्षीय समझौते की आवश्यकता है, वह है सरकारें भरोसा करें और जाने दें, निजी क्षेत्र दीर्घकालिक सोच और निष्पक्ष आचरण के साथ भरोसे का प्रतिदान करें तथा जनता अपने वित्त और शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लें।

आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में अपने कई अध्यायों में ऊपर चर्चित अनेक मुद्दों को शामिल किया गया है, इसके अलावा पाठकों को सरकारी नीतियों और उनके प्रदर्शन, उनके प्रभावों, नवाचारों, विकास और अनुकरणीय सफलता की कहानियों से भी अवगत कराता है। पहले की तरह, सर्वेक्षण की मुख्य विषय-वस्तु वे अध्याय हैं जो कृषि, उद्योग, बुनियादी ढांचे और सेवाओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों का मूल्यांकन करते हैं।

'आर्थिक कार्य विभाग' के 'अर्थशास्त्र प्रभाग' में हमारे लिए, आर्थिक सर्वेक्षण को तैयार करना तथा उसे आपके हाथों या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तक पहुंचाना, पुरस्कार के लिए नहीं, बल्कि आनंद के लिए किया जाने वाला कार्य है। समीक्षाधीन वर्ष में देश की प्रगति को रिकार्ड करना और साझा करना तथा इस बात पर विचार करना कि अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के लिए उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, हमारे लिए एक सीखने का अनुभव है। ऐसा करते समय, हो सकता है कि हमने कुछ गलतियाँ की हों। कृपया हमें बताएँ। हम वादा करते हैं कि हम इसे और बेहतर बनाने का वादा करते हैं। आखिरकार, यही वह सब है जो हम सभी कर सकते हैं हमें करना चाहिए।

(वी. अनंत नागेश्वरन)
मुख्य आर्थिक सलाहकार
वित्त मत्रांलय, भारत सरकार

आभारोक्ति

आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 सामूहिक प्रयास का परिणाम है। सर्वेक्षण को माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की टिप्पणियों और अंतर्दृष्टि से लाभ मिला है। सर्वेक्षण में माननीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव डॉण टीण वीण सोमनाथन, सचिव आर्थिक कार्य विभाग श्री अजय सेठ, सचिव डीआईपीएएम श्री तुहिन कांता पांडे, सचिव डीपीई श्री अली रजा रिजवी, सचिव वित्तीय सेवाएं श्री विवेक जोशी और राजस्व सचिव श्री संजय मल्होत्रा के सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है।

आर्थिक प्रभाग और आर्थिक कार्य विभाग के अन्य प्रभागों से सर्वेक्षण में योगदानकर्ताओं में शामिल हैं: चांदनी रैना, एंटनी सिरिएक, अनुराधा गुरु, अनुपा एस नायर, कोकिला जयराम, सैयद जुबैर नकवी, धर्मेंद्र कुमार, सीमा जोशी, हरीश कुमार कलेगा, दीपिका श्रीवास्तव, अमित श्योराण, श्रेया बजाज, मेघा अरोड़ा, दीक्षा सुप्याल बिष्ट, मनोज कुमार मिश्रा, रितिका बंसल, मोहम्मद आफताब आलम, प्रद्युत कुमार पायने, ईशा स्वरूप, राधिका गोयल , हरीश यादव, राजेश शर्मा, मृत्युंजय कुमार, अमित कुमार केसरवानी, दीपद्युति सरकार, अजय ओझा, केण चंद्र शेखर, रोहित कुमार तिवारी, हेमा राणा, अपराजिता त्रिपाठी, सोनाली चौधरी, भारद्वाज आदिराजू, सुरभि सेठ, मीरा उन्नीकृष्णन, आकाश पुजारी, रोशन यादव, रोहित त्रिवेदी, सत्येन्द्र किशोर, एस रामकृष्णन, विशाल गोरी, कुणाल बंसल, रितेश कुमार गुप्ता, धृति अरोड़ाद्य मुना साह तथा बृजपाल अधिकारियों के निजी कर्मचारी हैं।

उपर्युक्त के अलावा, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में टिप्पणियों और इनपुट के साथ योगदान दिया। उनमें शामिल हैं: राजीव मिश्रा, सोलोमन अरोकियाराज, बलदेव पुरुषार्थ, प्रवाकर साहू, अजय कुमार सूद, अलीशा जॉर्ज, गौरव मसलदान, ई श्रीनिवास, नीतीश सूरी, नीलांभुज शरण, कामखेंथांग गुइटे, एमण्जीण जयश्री, धृजेश कुमार तिवारी, अवदेश कुमार चौधरी, शेफाली ढींगरा, आरण राजेश, योगेश सूरी, कुसुम मिश्रा, बिजय कुमार बेहरा, एण सृजा, पीण्केण अब्दुल करीम, सीण वनलालरामसंगा, रेणुका मिश्रा, माणिक चंद्र पंडित, गायत्री नायर मनोज मधोलिया, सुरजीत कार्तिकेयन, विष्णुकांत पीबी, कपिल पाटीदार, जयपाल, अनुश्री राहा, चितवन ढिल्लन, लीना कुमार, उपदेश शर्मा, प्रभात कुमार सिंह, धरम प्रकाश, दलीप कुमार, अखिलेश शर्मा, एसएन मिश्रा, अंशुमन कामिला, इशिता गांगुली त्रिपाठी, लालसंगलूर, राजश्री रे, अंशू भारद्वाज, राजनाथ राम, ऋषिका चोरारिया, मनीषा सेनसारमा, फैज अहमद किदवई, फ्रैंकलिन एल खोबुंग, ए। प्रतिभा, इंदु बुटानी, वीण्एसण सहरावत, कुशवंत कुमार, राजेश कुमार, साबरी बिन कासिम, शांता शर्मा, राहुल मीना, पुनीत भाटिया, अभय बाकरे, धीरज कुमार श्रीवास्तव, जेण राजेश कुमार, अजय माथुर, अमित प्रोथी, अल्पना साहा, प्रिंस धवन, एंसी मैथ्यू एनण्पीण, एण्आरण रॉय, अश्विनी कुमार, राजकुमार, प्रमोद कुमार आर्य और सुभाष चंद।

हमें कई विशेषज्ञों, उद्योग निकायों, सार्वजनिक संस्थानों और निजी क्षेत्र की संस्थाओं से भी मदद मिली, जिनमें सेबी, आरबीआई, आईबीबीआई, आईएफएससीए, पीएफआरडीए, आईआरडीएआई, तीर्थंकर पटनायक, संगीता गुप्ता, तनय दलाल, वृंदा बंसोडे, भुवन आनंद, शुभो रॉय, आरण सुब्रमण्यम, सुचिता दत्ता और प्रसन्ना तंत्री शामिल हैं।

मनोज सहाय, अपर्णा भाटिया, जसबीर सिंह, सुश्रुत सामंत, दलीप कुमार, सुनील कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, दवेन्द्र कुमार, नवनीत पाठक, राहुल गोयल तथा आर्थिक कार्य विभाग के अन्य कर्मचारियों द्वारा कार्यक्षम प्रशासनिक सहयोग दिया गया है ।

सर्वेक्षण का हिंदी अनुवाद आर्थिक कार्य विभाग के हिंदी अनुभाग के लेफ्टिनेंट कर्नल एमण्केण सिंह, डॉण पूरन सिंह, हरीश सिंह रावत, रजनीश कुमार, अनुपम आर्य, समता रानी, बबीता गुंजियाल, जिंटू कुमार मंडल, विनय कुमार, कमलेश धमुनया, अर्चना सिंह, माया मीना, शियो पूजन चौधरी, नीरज मिश्रा, गौरव भाटिया, रीना कुमारी मीना, सुरभि, शिखा और केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के जय वीर, मीनाक्षी वर्मा, मनीष भटनागर, मनोज कुमार, राजीव कुमार सिंह, दिवाकर शुक्ला, रवीश रंजन, धर्मेंद्र कुमार द्वारा किया गया। सर्वेक्षण का हिंदी संस्करण मिंटो रोड स्थित मुद्रण निदेशालय के अनिल बजाज, हिमांशु शर्मा, जिया लाल मैठाणी, दिनेश दीवान द्वारा टाइप किया गया।

सर्वेक्षण का कवर पेज इज्जुर रहमान के द्वारा डिजाइन किया गया। सिग्नेचर प्रिंटर्स के इज्जुर रहमान, दीपक अग्रवाल, गौतम हलदर और मोहम्मद सुहैल ने सर्वेक्षण के अंग्रेजी और हिंदी संस्करणों की पेज सेटिंग की।

आर्थिक सर्वेक्षण इसकी तैयारी में शामिल सभी लोगों के परिवारों के प्रति उनके धैर्य और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

वी. अनंत नागेश्वरन
मुख्य आर्थिक सलाहकार
वित्त मत्रांलय
भारत सरकार

संकेताक्षर

एएजीआर	औसत वार्षिक विकास दर
एएआई	भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
एएयू	समनुदिष्ट राशि इकाइयां
एएवाई	अंत्योदय अन्न योजना
एबीसी	अकादमिक ऋण बैंक
एबीडीएम	आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन
एबीएचए	आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता
एबी–पीएमजेएवाई	आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
एबी–आरपीवाई	आत्मनिर्भर भारत रोजगार प्रोत्साहन योजना
एबीआरवाई	आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना
एबीएस	स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग
एसीसी	एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स
एडीबी	एशियाई विकास बैंक
एडीपी	आकांक्षी जिला कार्यक्रम
एईएस	उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ
एएफएचसी	किशोर अनुकूल स्वास्थ्य क्लिनिक
एजीईवाई	आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना
एएचआईडीएफ	पशुपालन अवसंरचना विकास निधि
एआई	आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस
एआई	आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस
एआईआईपी	कृत्रिम बुद्धिमत्ता बौद्धिक संपत्ति
एआईबीपी	त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम
एआईसीटीई	अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्
एआईएफ	वैकल्पिक निवेश कोष
एआईएफ	कृषि अवसंरचना कोष
एआईआईएमएस	अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
एआईआरएडबल्यूएटी	एआई अनुसंधान विश्लेषण और ज्ञान प्रसार प्लैटफार्म
एआईएसएचई	अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण
एआईटीआईजीए	आसियान- भारत माल व्यापार समझौता
एकेआरएसपी	आगा खान ग्रामीण सहायता कार्यक्रम
एएमसीएस	परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां
एएमआई	कृषि विपणन अवसंरचना
एएमआरआईटी	उपचार के लिए सस्ती दवाइयां और विश्वसनीय प्रत्यारोपण
एएमआरयूटी	कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन
एपीएएआर	स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री
एपीआई	एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस
एपीआईएस	एक्टिव फर्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंट्स
एपीएलएम	कृषि उपज और पशुधन विपणन

एपीएमसीएस	कृषि उत्पाद विपणन समितियों
एपीएमआर	कृषि उत्पादन विपणन विनियमन
एपीवाई	अटल पेंशन योजना
एआरसीएस	संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियां
एआरजी	स्वचालित वर्षामापी
एआरएचसी	अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्सेज
एआरआईएमए	ऑटोरेग्रेसीव इंटेग्रटेड मुविंग एव्रेज
एएसबीए	ब्लॉक किए गए खाते द्वारा समर्थित एप्लिकेशन
एएसआई	उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण
एस्ट्रोसैट	अंतरिक्ष खगोल विज्ञान वेधशाला
एटीएफ	एविएशन टरबाईन फ्यूल
एटीपी	स्वचालित रेलगाड़ी सुरक्षा
एयूएम	प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां
एडबल्यूसी	आंगनवाड़ी केंद्र
एडब्ल्यूएस	स्वचालित मौसम स्टेशन
बीबीएसएसएल	भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड
बीडीआई	बाल्टिक शुष्क सूचकांक
बीई	बजट प्राक्कलन
बीएफएसआई	बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा
बीएफटी	बेयर फूट तकनीशियन
बीएचईएल	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
बीआईएम	बिल्डिंग इन्फॉर्मेशन मोडलिंग
बीआईएस	अंतर्राष्ट्रीय निपटान के लिए बैंक
बीओपी	भुगतान संतुलन
बीपीएम	कारोबार प्रक्रिया प्रबंधन
बीपीओ	बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग
बीआरओ	सीमा सड़क संगठन
बीआरएसआर	व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट
बीएसएफ	ब्लैक सोल्जर फ्लाईज
बीटीएस	बेस ट्रांसीवर स्टेशन
सीएसीपी	कृषि लागत और मूल्य आयोग
सीएडी	चालू खाता घाटा
सीएजी	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
सीएजीआर	चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर
कैपेक्स	पूंजीगत व्यय
सीबीजी	संपीड़ित जैव गैस
सीबीआईसी	केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
सीबीएम	कोल बेड मीथेन
सीबीएसई	केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
सीसी	क्लियरिंग कॉर्पोरेशन
सीसीएस	कार्बन कैप्चर एंड स्टोरेज

सीसीटी	कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग स्कीम
सीसीयूएस	कार्बन कैप्चर उपयोग एवं भंडारण
सी-डैक	प्रगत संगणन विकास केंद्र
सीडीएम	स्वच्छ विकास तंत्र
सीडीआरआई	आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन
सीडी	जमा प्रमाणपत्र
सीईसीपीए	व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौता
सीईपीए	विस्तृत आर्थिक भागीदारी समझौता
सीईआरएस	प्रमाणित उत्सर्जन कटौती
सीईटी-1	कॉमन इक्विटि टियर - 1
सीएफपीआई	उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक
सीजीए	महा लेखानियंत्रक
सीजीएस	ऋण गारंटी योजना
सीजीटीएमएसई	सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी निधि योजना
सीएचसी	सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
सीएचसीएस	कस्टम हायरिंग सेंटर
सीआईसी	चलन में मुद्रा
सीआईआई	भारतीय उद्योग परिसंघ
सीआईएल	कोल इंडिया लिमिटेड
सीआईपी	केंद्रीय निर्गम मूल्य
सीआईआरपी	कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया
सीआईएस	ग्राहक सूचना पत्र
सीकेएम	सर्किट किलोमीटर
सीएमआईई	भारतीय अर्थव्यवस्था निगरानी केंद्र
सीएमएम	कोयला खदान मीथेन
सीएनडी	उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुएं
सीएनजी	संपीडित प्राकृतिक गैस
सीओटू	कार्बन डाइऑक्साइड
सीओपी	पार्टियों का सम्मेलन
सीओपीएस	पार्टियों का सम्मेलन
सीओआरएसआईए	अंतर्राष्ट्रीय विमानन के लिए कार्बन ऑफसेटिंग और न्यूनीकरण योजना
सीपीआई	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
सीपीआई-सी	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-संयुक्त
सीपी	वाणिज्यिक पत्र
सीपीएसई	केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम
सीपीएसयू	केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम
सीक्यूजीआर	चक्रवृद्धि तिमाही वृद्धि दर
सीआरएआर	कैपिटल टू रिस्क वेटेड एसेट रेशिओ
क्रिसिल	क्रेडिट रेटिंग इन्फॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ इंडिया लिमिटेड
सीआरओपीआईसी	फसलों के वास्तविक समय का अवलोकन और तस्वीरों का संग्रह
सीआरपी	कम्यूनिटी रिसोर्स पर्सन

सीआरआर	नकद आरक्षित अनुपात
सीएसआईआर	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
सीएसएल	कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
सीएसओ	नागरिक समाज संगठन
सीएसओ	केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय
सीएसपी	क्लाउड सेवा प्रदाता
सीएसआर	कॉर्पोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी
सीएसएस	केंद्र प्रायोजित योजना
सीवी	विचलन का गुणांक
सीडब्ल्यूएस	वर्तमान साप्ताहिक स्थिति
सीडब्लूएसएन	विशेष आवश्यकता वाले बच्चे
डीए-एफडब्ल्यू	कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
डीएएचडी	पशुपालन और डेयरी विभाग
डीएपी	डाइ-अमोनियम फॉस्फेट
डीएवाई-एनआरएलएम	दीनदयाल अन्त्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
डे-एनयूएलएम	दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन
डीबीएफओटी	डिजाइन - बिल्ड ख्र फाइनेंस - ऑपरेट - ट्रान्सफर
डीबीआई	डायवर्सन-आधारित सिंचाई
डीबीटी	प्रत्यक्ष लाभ अंतरण
डीडीयू-जीकेवाई	दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना
डीईएच	निर्यात केंद्र के रूप में जिले
डीएफसी	डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर
डीएफआई	डिजिटल वित्तीय समावेशन
डीएफआई	किसानों की आय दोगुनी करने की रिपोर्ट
डीजीसीए	नागर विमानन महानिदेशालय
डीजीक्यूआई	डेटा गवर्नेंस गुणवत्ता सूचकांक
डीआईईटी	जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान
डीआईकेएसएचए	ज्ञान साझा करने के लिए डिजिटल अवसंरचना
डीआईएससीओएम	वितरण कंपनियाँ
डीआईएसएचए	जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समितियां
डीओपी	डाक विभाग
डीपीआई	डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना
डीपीआईआईटी	उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग
डीआरआई	आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना
डीआरआईपी	बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना
डीआरटी	ऋण वसूली न्यायाधिकरण
डीएसटी	प्रशिक्षण की दोहरी प्रणाली
डीटीएच	डायरेक्ट टू होम
ईएईयू	यूरेशियन आर्थिक संघ
ईसीबी	बाह्य वाणिज्यिक उधार
ईसीबी	यूरोपीय सेंट्रल बैंक

ईसीसीई	आरंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा
ईसीटीए	आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता
ईएफटीए	यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ
ईआई	इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग
ई-एलओजीएस प्लैटफॉर्म	इज ऑफ लॉजिस्टिक्स सर्विसेस प्लैटफॉर्म
ईएमसी	इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर
ईएमडीई	उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं
ईएमई	उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाएँ
ईएमआई पेमेंट	समान मासिक किश्त भुगतान
ईएमआई/ईएमसी	विद्युतचुंबकीय हस्तक्षेप/विद्युतचुंबकीय अनुकूलता
एनएएम	राष्ट्रीय कृषि बाजार
ई-एनएएम	ई- राष्ट्रीय कृषि बाजार
ईपीएफ	कर्मचारी भविष्य निधि
ईपीएफओ	कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
ईपीओएस	इलेक्ट्रोनिक बिक्री केंद्र
ईआर-डी	उद्यम, अनुसंधान, और विकास
ईआरयू	उत्सर्जन घटौती इकाइयाँ
ईएसजी	पर्यावरणीय, सामाजिक और शासनिक
ईएसएस	ऊर्जा भंडारण प्रणाली
ईटीसीए	आर्थिक और तकनीकी सहयोग समझौता
ईटीएफ	एक्स्चेंज ट्रेडेड फंड
ईयू	यूरोपीय संघ
ईयू-ईटीएस	यूरोपीय संघ उत्सर्जन व्यापार योजना
ईवीज	इलेक्ट्रिक वाहन
ईएक्सआईएम	निर्यात-आयात बैंक
एफएडीए	फेडेरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन
एफएओ	खाद्य एवं कृषि संगठन
एफएटीएफ	वित्तीय कार्रवाई कार्यबल
एफसीआई	भारतीय खाद्य निगम
एफसीआरए	वायदा संविदा विनियमन अधिनियम
एफडीआई	प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
एफईडी	फेडरल रिजर्व
एफईआर	विदेश मुद्रा भंडार
एफआईडीएफ	मत्स्य-पालन अवसंरचना विकास निधि
एफएलएफपीआर	महिला श्रम-बल सहभागिता दर
एफएलएन	आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान
एफएमसी	वायदा बाजार आयोग
एफओएमसी	फेडरल ओपन मार्केट कमेटी
एफपीआई	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग
एफपीआई	विदेश पोर्टफोलियो निवेश
एफपीओ	कृषक उत्पादक संगठन

एफपीएस	उचित मूल्य की दुकान
एफआरबी	विदेशी पुनर्बीमा शाखाएं
एफएसए	वित्तीय क्षेत्र मूल्यांकन
एफएसएपी	वित्तीय क्षेत्र मूल्यांकन कार्यक्रम
एफएसडीसी	वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद
एफएसआर	वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट
एफएसएसए	वित्तीय प्रणाली स्थिरता मूल्यांकन रिपोर्ट
एफएसएसआई	फाइनेंसियल सिस्टम स्ट्रेस इंडिकेटर
एफटीए	मुक्त व्यापार समझौते
एफटीके	फील्ड परीक्षण किट
एफटीटीएच	फाइबर टू द होम
एफवाई	वित्त वर्ष
एफवाई	वित्त वर्ष
जीबीएस	जेंडर बजट स्टेटमेंट
जीबीएस	सकल बजटीय सहायता
जीसीए	सकल फसली क्षेत्र
जी.सी.सी.	वैश्विक क्षमता केंद्र
जीसीपी	ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम
जीसीटी	गतिशक्ति मल्टी मोडल कार्गो टर्मिनल
जीडीपी	सकल घरेलू उत्पाद
जीईसी	ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर
जीईएम	गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस
जीईआर	सकल नामांकन अनुपात
जीईआरडी	अनुसंधान एवं विकास पर सकल व्यय
जीएफसी	वैश्विक वित्तीय संकट
जीएफसीएफ	कुल स्थिर पूंजी निर्माण
जीएचई	स्वास्थ्य पर सरकारी व्यय
जीएचजी	ग्रीन हाउस गैसें
जीआई क्लाउड	गवर्नमेंट ऑफ इंडिया क्लाउड
जीईएफटी-सिटी	गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी
जीआईआई	वैश्विक नवाचार सूचकांक
जीएनआई	सकल राष्ट्रीय आय
जीएनपीए	सकल अनर्जक आस्ति
जाओआई	भारत सरकार
जीओवीटी.	सरकार
जीपी	ग्राम पंचायत
जीपीएआई	कृत्रिम बुद्धिमता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर वैश्विक साझेदारी
जीपीडीपी	ग्राम पंचायत विकास योजना
जीपीजी	ग्राम पंचायतें
जीएसडीपी	सकल राज्य घरेलू उत्पाद
जीएसएलवी	भू-समकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान

जीएसटी	माल और सेवा कर
जीएसटी	ग्लोबल स्टॉकटेक
जीटी	सकल टनभार
जीटीआर	सकल कर राजस्व
जीवीए	सकल मूल्य वर्धित
जीवीए	सकल मूल्य वर्धित
जीवीसी	वैश्विक मूल्य शृंखलाएँ
जीडब्ल्यू	गीगावाट
जीडब्ल्यू इक्विवेलेंट	गीगावाट समतुल्य
जीडब्ल्यूएमआर	भूजल प्रबंधन एवं विनियमन
जीडब्ल्यू	गीगा वाट
एचएएल	हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
एचएएम	हाइब्रिड एन्यूइटी मॉडल
एचसीईएस	पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण
एचईआई	उच्च शिक्षा संस्था
एचएफसी	आवासीय वित्त कंपनियाँ
एचएचआई	हर्शमैन-हर्फिंडाल इंडेक्स
एचकेकेपी	हर खेत को पानी
एचएमएल	सुसंगत सूची
एचएनआई	हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल
एचआर	मानव संसाधन
आईबीए	भारतीय बैंक संघ
आईबीसी	दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता
आईबीपी मार्ग	इंडो-बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट
आईसीएओ	अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन
आईसीएआर	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
आईसीडीआर	पूंजी निर्गम और प्रकटीकरण अपेक्षाएं
आईसीडी	एकीकृत बाल विकास सेवाएँ
आईसीआरआईईआर	भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद
आईसीटी	सूचना व संचार प्रौद्योगिकी
आईडीआरसीएल	इंडिया डेट रेजोल्यूशन कंपनी लिमिटेड
आईईबीआर	आंतरिक और अतिरिक्त बजटीय संसाधन
आईईटी	अंतरराष्ट्रीय उत्सर्जन व्यापार
आईएफआरएस	अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक
आईएफएससी	अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केंद्र
आईएफएससी जीआईएफटी सिटी	इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर, गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी
आईएफएससीए	अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण
आईएचएचएल	भिन्न-भिन्न घरेलू शौचालय
आईआईई	भारतीय उद्यमशीलता संस्थान
आईआईजी	भारतीय निवेश ग्रिड
आईआईपी	अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति

आईआईपी	औद्योगिक उत्पादन सूचकांक
आईआईपीडीएफ	भारत अवसंरचना परियोजना विकास निधि
आईआईटी	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
आईआईटीएम	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
आईएलआईएमएस	एकीकृत भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली
आईएमसी	इंदौर नगर निगम
आईएमईसी	भारत मध्य-पूर्व यूरोप कोरिडोर
आईएमईएस	अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यम
आईएमएँफ	अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष
इंडिया-डब्ल्यूआरआईएस	भारत - जल संसाधन सूचना प्रणाली
इन्फ्रा	अवसंरचना
आईएन-एसपीएसीई	भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र
आईएनएसटीसी	अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा
आईएनवीआईटीज	अवसंरचना निवेश न्यास
आईओटी	इंटरनेट ऑफ थिंग्स
आईपीओ	इनिशियल पब्लिक ऑफर
आईआर	भारतीय रेल
आईआरसीटीसी	भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड
आईआरडीएआई	भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण
आईआरएफसी	भारतीय रेल वित्त निगम
आई आर आई एस	लचीले द्वीपीय राज्यों के लिए अवसंरचना
आईएसए	अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन
आईएसएएम	एकीकृत कृषि विपणन योजना
आईएसआरओ	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
आईटी	सूचना प्रौद्योगिकी
आईटीआई	औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
आईटीएमओज	अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तांतरित शमन परिणाम
आईवीए	स्वतंत्र सत्यापन अभिकरण
आईडब्ल्यूएआई	भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
आईडब्ल्यूटी	अंतर्देशीय जल परिवहन
जेएएम	जन धन-आधार-मोबाइल
जेईई	संयुक्त प्रवेश परीक्षा
जेजेएम	जल जीवन मिशन
जेएलजी	संयुक्त देयता समूह
जेएसएस	जन शिक्षण संस्थान
केसीसी	किसान क्रेडिट कार्ड
केएलडी	किलोलीटर प्रति दिन
केपी	क्योटो प्रोटोकोल
कृषि-डीएसएस	कृषि निर्णय समर्थन प्रणाली
केडब्ल्यूएच	किलोवाट्ट घंटा
एलएंडटी	लार्सन एंड टुब्रो

एलएएमए	लॉग एनलिटिक्स एंड मॉनिटरिंग एप्लीकेशन
एलएएमपी	वृहत क्षेत्रीय बहुउद्देशीय सोसायटी
एलसीएएफ	लोअर कार्बन एविएशन फ्यूल्स
एलसीओई	बिजली की स्तरीकृत लागत
एलसीआर	चलनिधि कवरेज अनुपात
लीडआईटी	लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांजिशन
एलईएडीएस	लोजिस्टिक ईज अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स
एलईडी	प्रकाश उत्सर्जक डायोड
एलईडीपी	आजीविका एवं उद्यम विकास कार्यक्रम
एलएफपीआर	श्रम बल भागीदारी दर
एलएचएंडीसी	पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण
एलआईएॅफई	पर्यावरण के लिए जीवनशैली
एलएमटी	लाख मीट्रिक टन
एलपीएआई	भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण
एलपीजी	तरल पेट्रोलियम गैस
एलपीआई	लॉजिस्टिक परफोर्मेंस इंडेक्स
एलटी	लाख टन
एलटीडी.	लिमिटेड
एलटी-एलईडीएस	दीर्घकालिक निम्न उत्सर्जन विकास रणनीति
एलवीएम3	प्रक्षेपण यान मार्क-3
एम एंड ए	विलय और अधिग्रहण
एमएएचएसआर	मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल
एमएआईएस	बाजार पहुँच पहल योजना
एमएएम	मध्यम तीव्र कुपोषण
एमएएनएएस	मानसिक स्वास्थ्य और सामान्य स्थिति संवर्धन प्रणाली
एमसीए	कारपोरेट कार्य मंत्रालय
एमसीए	मॉडल कन्सेशन अग्रीमेंट
एमसीएक्स	मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज
एमईडीपी	सूक्ष्म उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम
